**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 17.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

## ❖ पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा प्रशिक्षण पर आए नवनियुक्त आरक्षियों को किया गया ब्रीफ ।

**विवरण-** आज दिनांक 17.06.2025 को पुलिस लाइन बांदा में नव नियुक्त आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक श्री पलाश बंसल द्वारा ब्रीफ किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी नव आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुलिस सेवा के दायित्व, अनुशासन, वर्दी की मर्यादा तथा सामाजिक आचरण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । उन्होंने स्पष्ट किया कि बैरिकों की स्वच्छता, व्यक्तिगत सफाई तथा ड्रेस अप की नियमितता हर पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है । स्वच्छ वातावरण ही एक अनुशासित बल की पहचान है । पुलिस बल में रहकर समय पालन, टीम भावना, और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि हैं । उन्होनें बताया कि प्रशिक्षण काल सबसे महत्वपूर्ण दौर होता है, इसमें प्राप्त ज्ञान और अनुशासन आजीवन सेवा को दिशा देता है । अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को कड़ी मेहनत, अनुशासित जीवनशैली और सकारात्मक सोच के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।